- भूमि विवाद को लेकर खूनी संघर्ष, पांच घायल II
- तीन दिवसीय नाट्य समारोह की शुरुआत III
- शकुंतला विविः शिक्षक व शोधार्थी सम्मानित IV


## शहर में आज

- नगर निगम जोन-6 अंतर्गत बुद्धेश्वर पर महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा पीसीटीएस उद्घाटन सुबह 10 :00 बजे।
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में रोबोटिक्स, ड्रोन तकनीक पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 10 :00 बजे।
- सीएसआईआर-सीमैप में राष्ट्रीय किसान मेला का आयोजन 10 :00 बजे।
- काकोरी अंतर्गत गुलाम सफदर में मत्स्य पालकों व मछुआ समुदाय के लिए नेशलन डिजिटल प्लेटफार्म पोर्टल पर पंजीकरण शिविर सुबह 11 :00 बजे।
- कलेक्ट्रेट परिसर के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 से संबंधित राजनीति पार्टियों के साथ बैठक शाम 4 :00 बजे।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## जरा याद करो कुर्बानी



सिविल डिफेंस द्वारा पिछले कई सालों से 30 जनवरी को सुबह 11 :00 बजे सायरन गांधी जी और देश के लिए जान देने वाले अन्य शहीदों को दो मिनट का मौन रखने के लिए बजाया जाता है। यह परम्परा 1955 से चली आ रही है। जो गांधी जी के बलिदान की याद दिलाती है। सायरन बजाने के बाद दो मिनट के लिए सारा ट्रैफिक रोक दिया जाता है और 11 :02 मिनट पर दुबारा सायरन बजाकर मौन खत्म करने का सिग्नल होता है। ● अमृत विचार

# डोर टू डोर जाएंगे बिजलीकर्मी, बताएंगे स्मार्ट मीटर के फायदे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के तहत कॉरपोरेशन का निर्णय
- उपभोक्ताओं के मीटर का डेमोस्ट्रेशन कर दी जाएगी पूरी जानकारी
- इस दौरान उपभोक्ताओं की समस्याओं का लिया जाएगा फीडबैक

**अमृत विचार :** शहर के 14 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के प्रति जागरूक करने के लिए बिजली विभाग ने नई पहल शुरू की है। स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के तहत अब बिजलीकर्मी डोर टू डोर जाकर उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर का डेमोस्ट्रेशन करेंगे और इसके फायदे विस्तार से समझाएंगे। इस दौरान उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, बिलिंग प्रक्रिया, रियल टाइम बिजली खपत, पारदर्शिता और बिजली बिल पर नियंत्रण जैसे लाभों की जानकारी दी जाएगी।

अभियान के दौरान बिजलीकर्मी उपभोक्ताओं की समस्याएं और सुझाव भी सुनेंगे। उपभोक्ताओं से प्राप्त फीडबैक को संकलित कर विभागीय अधिकारियों को सौंपा जाएगा, ताकि व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। कॉरपोरेशन ने यह फैसला भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के निर्देश पर उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने और विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से लिया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इससे उपभोक्ताओं को मौके पर सही जानकारी मिलेगी और योजना के सफल क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। स्मार्ट मीटर को लेकर उठ रहे सवालों और शिकायतों को देखते हुए पावर कॉरपोरेशन ने 9 से 23 फरवरी तक स्मार्ट मीटर पखवाड़ा मनाने के निर्देश दिए हैं। राज्य विद्युत परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, वहां टीमें जाकर मीटर का डेमोस्ट्रेशन करेंगी और उपभोक्ताओं की शिकायतें लिखित रूप में दर्ज की जाएंगी। कार्यक्रम के बाद रिपोर्ट ऊर्जा मंत्रालय को भेजी जाएगी।

### स्मार्ट मीटरों पर उठे सवाल के बाद लिया गया फैसला

उप्र सहित देशभर में स्मार्ट मीटर को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद ऊर्जा मंत्रालय ने स्मार्ट मीटर पखवाड़ा शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश में अब तक करीब 62 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें लगभग 48 लाख प्रीपेड मोड में हैं। वहीं चार लाख के करीब चेक मीटर लगाए गए हैं, जिनकी मिलान रिपोर्ट अब तक ऊर्जा मंत्रालय को नहीं भेजी गई है।

### बिजली कनेक्शन न देने पर जेई को नोटिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजनौर के सरवननगर निवासी और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी राजेश कुमार को अब तक बिजली कनेक्शन न देने के मामले में संबंधित जूनियर इंजीनियर रविंद्र सिंह को नोटिस जारी किया गया है। मालूम हो कि ये नोटिस उस सहायक अभियंता ने जारी की, जिस पर तय समय में खुद कनेक्शन देने की जिम्मेदारी थी। जेई से स्पष्टीकरण मांगा है कि निर्धारित समय के बावजूद राजेश कुमार को कनेक्शन क्यों नहीं दिया गया। इस बीच, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक योगेश कुमार ने पूरे प्रकरण को गंभीर मानते हुए जांच के आदेश दिए हैं। जांच के लिए अधीक्षण अभियंता योगेंद्र कुमार सिंह और अधिशासी अभियंता रमेश चंद्र वाली की दो सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। यह कमेटी न केवल राजेश कुमार, बल्कि अन्य ऐसे आवेदकों के मामलों की भी जांच करेगी, जिन्हें समय पर बिजली कनेक्शन नहीं दिया गया। राजेश कुमार के अनुसार शुक्रवार दोपहर दो कर्मचारी उनके घर पहुंचे और कनेक्शन से जुड़े दस्तावेजों के साथ उन्हें इंद्रलोक हाइडिल कॉलोनी स्थित कार्यालय बुलाने लगे। बाद में पता चला कि झटपट पोर्टल के माध्यम से किया गया उनका आवेदन निरस्त कर दिया गया है, जबकि विभाग की ओर से इसकी कोई जानकारी उन्हें पहले नहीं दी गई थी।

## सिटी ब्रीफ

### सीएम करेंगे बायोमेट्रिक अटेंडेंस की समीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने सभी छोटे-बड़े सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों और कर्मियों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस के पूर्ण अनुपालन को अनिवार्य करने की तैयारी तेज कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आगामी 18 फरवरी को इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा करेंगे। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन ने शुक्रवार को सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि पिछले आदेशों के अनुसार, आगामी चार माह के भीतर अस्पतालों में बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने के लिए आवश्यक संसाधन स्थापित किए जाएं। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक और अन्य कर्मचारियों के वेतन का निर्गम बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर होगा। बिना स्वीकृत अवकाश के अनुपस्थिति पर वेतन में कटौती की जाएगी। स्वास्थ्य महानिदेशक ने सभी अस्पताल प्रशासकों को निर्देश दिया कि वे स्वास्थ्य महानिदेशालय को इस संबंध में अपनी तैयारियों से अवगत कराएँ। उन्होंने स्पष्ट किया कि संसाधन समय पर जुटाने के साथ ही सभी मंडलीय, जिला और सीएचसी स्तर के अस्पतालों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रणाली प्रभावी ढंग से लागू की जाए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप अनुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

### आज सफाई के चलते प्रभावित रहेगी जलापूर्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** जलकल विभाग जोन-5 के अंतर्गत चंदर नगर ओवरहेड टैंक की शनिवार शाम को सफाई की जाएगी। कार्य के चलते चंदर नगर, ओम नगर, जय प्रकाश नगर (आंशिक) राम नगर, अमरुदहीबाग, भिलावां, शक्तिनगर, कुरियाना, अर्जुन नगर, पूरन नगर (आंशिक), ऋषिनगर (आंशिक), पुराना सरदारीखेड़ा आदि प्रमुख क्षेत्रों की जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। इसी तरह आजाद नगर ओवरहेड टैंक की सफाई 2 फरवरी को निर्धारित की गई है। इससे जुड़े मधुवन नगर, जय प्रकाश नगर (आंशिक), साकेतपुरी, आजाद नगर, विशेश्वर नगर में जलापूर्ति शाम को प्रभावित रहेगी।

# औद्योगिक क्षेत्रों में जलभराव के निस्तारण की कार्ययोजना मांगी

## अमौसी, सरोजनी नगर एवं बंथरा में जलभराव की समस्या से जल्द निजात मिलेगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



निर्यात भवन में मंडलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक करते मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत।

**अमृत विचार :** औद्योगिक आस्थान अमौसी, सरोजनी नगर एवं बंथरा में जलभराव की समस्या से जल्द निजात मिलेगी। शुक्रवार को निर्यात भवन में आयोजित मंडलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने समीक्षा की और संबंधित विभागों से निराकरण के लिए अगली बैठक में कार्ययोजना मांगी।

बैठक में संगठन की ओर से औद्योगिक क्षेत्रों में जलभराव की समस्या रखी गई। इस पर मंडलायुक्त ने जल निगम की सी एंड डीएस संस्था से जानकारी की। अवगत कराया कि उनके द्वारा नगर निगम व लखनऊ विकास प्राधिकरण के अंतर्गत क्षेत्रों की जलनिकासी का कार्य किया जाना है। इस पर मंडलायुक्त ने सी एंड डीएस एवं सम्बन्धित विभागों को समस्या के निराकरण के लिए तत्काल कार्ययोजना तैयार कराते हुए आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में अमौसी एवं सरोजनी नगर औद्योगिक क्षेत्र में उप्र जल निगम द्वारा कराये जाने वाले सीवर एवं एसटीपी कार्य के सम्बन्ध में जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य जून 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा, इस पर मंडलायुक्त ने निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में नादरगज (अमौसी औद्योगिक क्षेत्र) से पुरी (ग्रामीण सड़क) सुनहरा रोड होते हुए रिंग रोड पर समाप्त होने वाली 5.7 किलोमीटर लम्बी सड़क के चौड़ीकरण एंव सुदृढीकरण कार्य की जानकारी की। अमौसी औद्योगिक एसोसिएशन के सचिव रजत मेहरा ने इस कार्य में यूटिलिटी शिफ्टिंग की समस्या बताई। इस पर सम्बन्धित विभागों को समिति बनाते हुए समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में रायबरेली के औद्योगिक आस्थानों-लालगंज, सलोन, परशदेपुर, छतोह एवं डीह के उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

### सुलह से कराया प्रकरण का निस्तारण

सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के विलंबित भुगतान के निस्तारण के लिए मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में मंडलीय फैसिलीटेशन काउंसिल की बैठक हुई। 16 संदर्भ तथा आबीट्रेशन से निस्तारण के लिए 15 सन्दर्भ प्रस्तुत किये गये। काउंसिल द्वारा समस्त प्रकरणों में सुनवाई करते हुए पक्षकारों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान काउंसिल द्वारा एक सन्दर्भ का निस्तारण आपसी सुलह के माध्यम से कराया गया। इसके अतिरिक्त आठ नवीन सन्दर्भ काउंसिल के समक्ष प्रस्तुत किये गये। जिन्हें काउंसिल द्वारा पंजीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया।

# सुनवाई केंद्रों का निरीक्षण कर जानी प्रगति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लखनऊ कैंटोनमेंट अंतर्गत केंद्र का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी।

**अमृत विचार :** नोटिसों की सुनवाई प्रक्रिया का शुक्रवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी ने औचक निरीक्षण करके प्रगति देखी। विधानसभा क्षेत्र- 175 लखनऊ कैंटोनमेंट अंतर्गत काशी राम ईको गार्डन स्थित वीआरसी एवं एईआरओ सुनवाई केंद्रों का अवलोकन किया। कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण करके व्यवस्था देखी।

ईआरओ द्वारा जानकारी दी गई कि वीआरसी कक्ष के साथ अन्य 13 स्थलों पर सुनवाई की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। इसके बाद जिलाधिकारी ने ईको गार्डेन स्थित 2 सुनवाई कक्ष एवं सिंचाई विभाग अतिविशिष्ट अतिथिगृह स्थित सुनवाई कक्ष का निरीक्षण किया। पाया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ड्राफ्ट नामावलियों के प्रकाशन के उपरांत नोटिसों का वितरण, नोटिसों का तमिला एवं उनकी सुनवाई एवं संबंधित डेटा अपलोडिंग की प्रक्रिया निरंतर प्रगति पर है।

### मौन धारण कर दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस एवं स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजन किया गया। जिलाधिकारी विशाख जी ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### तमंचा लगाकर चोरी की फिराक में लगा युवक गिरफ्तार

**अमृत विचार, आलमबाग :** बाराबिरवा स्थित स्काई हिल्टन के सामने चोरी के फिराक में घूम रहे एक युवक को सुरक्षा गार्ड ने स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ लिया। तलाशी में आरोपी की कमर में तमंचा और चोरी के हथियार मिले। कृष्णानगर पुलिस ने गार्ड की शिकायत पर आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पारा निवासी राजेश कुमार स्काई हिल्टन में सुरक्षा गार्ड हैं। गुरुवार दोपहर करीब 2 :30 बजे एक युवक चोरी के फिराक में गेट के सामने खड़ी कस्टमरों की गाड़ी के आसपास भटक रहा था। शक होने पर सुरक्षा गार्ड ने आवाज दी तो वह भागने लगा। शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने दौड़ाकर चोर को पकड़ लिया। आरोपी विपिन कुमार लखीमपुर खीरी का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ करीब दो दर्जन मामले दर्ज हैं।

# नगर निगम ने गंदगी और पॉलिथिन पर किए 16 चालान, 29 हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एक किलो 200 ग्राम पॉलिथिन जब्त की

**अमृत विचार :** नगर निगम ने शुक्रवार को शहर में गंदगी फैलाने, प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल और बिक्री करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 16 चालान किए और 29 हजार रुपये जुर्माना लगाया। एक किलो 200 ग्राम पॉलिथीन जब्त की।

जोन-2 क्षेत्र में जोनल सेनेटरी अधिकारी रामसकल यादव के नेतृत्व में टीम ने राजाबाजार, विक्टोरिया स्ट्रीट और पाटा नाले के आसपास कार्रवाई की। इस दौरान 15 दुकानों का निरीक्षण किया। गंदगी फैलाने और नियमों के उल्लंघन करने पर तीन दुकानों का चालान किया और 16 हजार रुपये जुर्माना वसूला। इसमें गंदगी फैलाने पर इदरीस बिरयानी 15 हजार रुपये का चालान किया गया। इसके अतिरिक्त तंबाकू अधिनियम के अंतर्गत 500 रुपये का शमन शुल्क भी वसूला गया। इसी तरह जोन-8 क्षेत्र में वीआईपी रोड, तेलीबाग, वृन्दावन सेक्टर-7 एवं बंगला बाजार क्षेत्र में 13 चालान करके 13 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा 37 दुकानों पर छापेमारी करके करीब एक किलो 200 ग्राम पॉलिथीन जब्त की गई।

# जब्त किया सामान, वसूला 14,800 जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नगर निगम ने सड़क व पार्किंग से हटाया अतिक्रमण

**अमृत विचार :** नगर निगम ने शुक्रवार को जोन-1, 3, 6 व 7 में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। सड़क व पार्क से अतिक्रमण हटाते हुए काफी तादात में सामान जब्त किए और 14,800 रुपये जुर्माना वसूल किया। दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

जोन-1 में जोनल अधिकारी ओपी सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन विभाग एवं ईटीएफ टीम (296) ने हजरतगंज, शहीद स्मारक, कैम्प कार्यालय वालाकदर, नावेल्टी चौराहा, नूर मंजिल, स्मार्ट सिटी क्षेत्र से होते हुए नगर निगम मुख्यालय तक अभियान चलाया। इन क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाते हुए एक ट्रक सामान जब्त किया गया। 10 चार पहिया वाहनों पर जैमर लगाए। साथ ही आठ वाहनों का 12 हजार रुपये जुर्माना वसूला। इसी तरह जोन-3 में जोनल अधिकारी आकाश कुमार के निर्देश में टीम ने टेढ़ी पुलिया से 4 नंबर चौराहा होते हुए पार्षद कार्यालय तक अतिक्रमण हटाया। 20 फल की दुकानें और 50 सब्जी ठेले हटते हुए 500 रुपये का जुर्माना वसूल किया।

जोन-6 में जोनल अधिकारी अमरजीत यादव के नेतृत्व में वार्ड कन्हैया माधौवपुर एवं हैदरगंज द्वितीय क्षेत्र में आईजीआरएस शिकायत के निस्तारण के अंतर्गत दुबग्गा चौराहा स्थित ओला बाइक शोरूम के पास से लेकर बुद्धेश्वर चौराहे तक व्यापक कार्रवाई की गई। इस दौरान 40 ठेले, पांच काउंटर, 20 गुमटी, 50 अस्थायी दुकानें हटाईं। कुर्सियां, टेबल, कैरेट आदि सामान जब्त किया। 2,300 रुपये का जुर्माना भी वसूला किया। जोन-7 में जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में पॉलिटेक्निक से कमता तिराहे तक नाली, नालों और सड़कों के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण हटाकर ठेली, गुमटी, काउंटर आदि जब्त किए।

**सख्ती** — नगर आयुक्त को जोन-5 कार्यालय में नहीं मिले कई कर्मचारी, भवन जगह-जगह जर्जर देख तत्काल मरम्मत के दिए निर्देश

# निरीक्षण में गैरहाजिर कर्मियों को किया अनुपस्थित, कटेगा वेतन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



जोन-5 कार्यालय में गैरहाजिर कर्मियों की रजिस्टर में एब्सेंट लगाते नगर आयुक्त।

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शुक्रवार सुबह 11 बजे जोन-5 कार्यालय का औचक निरीक्षण किया तो कई कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं मिले। रजिस्टर चेक किया तो हाजिरी भी नहीं पाई। उनके नामों के आगे अनुपस्थित लगाकर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

इसके बाद नगर आयुक्त ने पूरे जोनल कार्यालय का निरीक्षण किया। कार्यालय भवन की स्थिति ठीक नहीं मिली। कई स्थानों पर दीवारें जर्जर और प्लास्टर उखड़ा देखा। रख-रखाव की स्थिति कमजोर नजर आई। इन सभी खामियों पर गंभीरता दिखाते हुए जोनल अधिकारी को कार्यालय परिसर की तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि कार्यालय की स्वच्छता, रख-रखाव और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

जोन-5 की टैक्स वसूली की समीक्षा की। संपत्ति कर (हाउस टैक्स) वसूली की प्रगति, बकाया कर तथा लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि की जानकारी की। साथ ही नामांतरण से जुड़ी लंबित फाइलों की की समीक्षा की। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करें। संबंधित अधिकारियों को टैक्स वसूली बढ़ाने के लिए सख्त रणनीति अपनाने, फील्ड स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और बकायेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# महापौर ने गृहकर व जलकर में अवैध वसूली पर चेताया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महापौर ने लिखा पत्र, बिना आइडी कार्ड के क्षेत्रों में नहीं जाएंगे कर्मी

**अमृत विचार :** गृहकर एवं जलकर में अवैध वसूली, अनियमितता और निजी व्यक्तियों की संलिप्तता की बराबर मिल रही शिकायतों पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने नाराजगी जताई है। नगर आयुक्त गौरव कुमार और जलकल महाप्रबंधक कुलदीप सिंह को सख्त पत्र लिखकर ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। यह भी चेताया है कि बिना आईडी कार्ड के अधिकारी और कर्मचारी कर निर्धारण व वसूली करने नहीं जाएंगे। शिकायत मिली तो जोनल अधिकारी, अभियंता और कर निरीक्षक पर कार्रवाई की जाएगी।

महापौर ने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि पिछले दिनों सदन की बैठक में यह प्रकरण प्रमुखता से उठाया था कि विभिन्न जोन में कर निरीक्षक स्वयं फील्ड में न जाकर निजी व्यक्तियों से कार्य करा रहे हैं। निजी व्यक्ति भवन स्वामियों से अभद्र व्यवहार व अवैध वसूली करके भय का माहौल बनाते हैं। इन शिकायतों पर सदन की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि प्रत्येक कर निरीक्षक अपने आवंटित वार्डों में फोटोयुक्त पहचान पत्र लगाकर स्वयं फील्ड में जाएंगे और नियमानुसार गृहकर निर्धारण एवं वसूली करेंगे।

यदि वार्ड में कोई निजी व्यक्ति जाता है तो संबंधित कर निरीक्षक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करेंगे। इसके बावजूद 29 जनवरी को जनता दर्शन/जन सुनवाई में निजी व्यक्तियों का जाना और अवैध वसूली करने की शिकायतें प्राप्त हुईं है। इससे स्पष्ट होता है कि सदन में दिए निर्देशों का पालन नहीं हुआ। महापौर ने फिर से चेताया कि यदि बिना पहचान-पत्र कोई कार्य करते पाया गया या शिकायत मिली तो संबंधित पर कार्रवाई करेंगे।

### वाटर टैक्स बढ़ाकर अवैध वसूली पर दी चेतावनी

महापौर ने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि उन्हें शिकायत मिली कि जलकल विभाग के एक कर्मचारी ने अनावश्यक रूप से वाटर टैक्स बढ़ा दिया और कम करने के नाम पर भवन स्वामी से हजारों रुपये मांगे इससे जलकल विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए। ऐसे कर्मियों की जांच कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए।

# लॉटरी से आवंटित किए अनंत नगर में 339 भूखंड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को अनंत नगर योजना के 637 भूखंडों में 339 लॉटरी के माध्यम से आवंटित किए। प्रक्रिया इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में कराई गई। आवेदकों ने स्वयं लकी ड्रा की पर्ची निकाली और नाम आते ही खुशी का ठिकाना नहीं लगा।

एलडीए ने अनंत योजना के तृतीय चरण में आकाश खंड के 617 और आदर्श खंड के 20 भूखंडों की बिक्री के लिए 20 दिसम्बर से 16 जनवरी ऑनलाइन पंजीकरण खोला था। इस दौरान 7,429 लोगों ने पंजीकरण कराया है। शुक्रवार को अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में लॉटरी कराई गई। इस दौरान 75 आवेदकों को 200 वर्गमीटर के भूखंड, 224 आवेदकों को 288 वर्गमीटर के भूखंड और 40 आवेदकों को 450 वर्गमीटर के भूखंड आवंटित हुए। पूरी प्रक्रिया का यू-ट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण किया गया।

अपर सचिव ने बताया कि शेष 162 व 112.5 वर्गमीटर के 298 भूखंडों की लॉटरी शनिवार को कराई जाएगी। इससे पहले दो चरणों में सेक्टर-6 आदर्श खंड में 666 भूखंड आवंटित किए गए थे।

## सिटी ब्रीफ

### खाते से 55 बार में 5.45 लाख उड़ाए

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा क्षेत्र में एक युवक के खाते से साइबर जालसाज ने 55 बार में 5 .45 लाख रुपये निकाल लिए, जबकि आलमबाग में एक महिला से परिचित बनकर डेढ़ लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पारा के ग्राम भरोसा निवासी नीरज पाल का यूनियन बैंक फतेहगंज शाखा में खाता है। 11 से 13 जनवरी के बीच उनके खाते से 5,44,999 रुपये कटने का मैसेज आने पर उन्हें ठगी का पता चला। उन्होंने तुरंत बैंक में शिकायत कर खाता ब्लॉक कराया और पारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं, आलमबाग के सुजानपुरा निवासी सिंदुरी के पास एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को उनके परिचित सिद्धार्थ जोशी बताते हुए कहा कि उसने उनके खाते में 5 लाख रुपये भेजे हैं। बाद में फंसने की बात कहकर क्यूआर कोड भेजा और 1.50 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। बाद में ठगी का खुलासा होने पर सिंदुरी ने आलमबाग कोतवाली में केस दर्ज कराया।

### 6 लाख की ठगी, 16 वर्ष बाद भी नहीं मिला फ्लैट

**अमृत विचार, लखनऊ :** हाइटेक आवासीय योजना के नाम पर अंसल प्रॉपर्टीज के निदेशकों पर एक और धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। सुशांत गोल्फ सिटी थाने में अमेठी निवासी व्यवसायी अर्जुन द्विवेदी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़ित ने बताया कि वर्ष 2010 में कंपनी की "आसरा आवास भरोसा आवास योजना" के तहत एलआईजी फ्लैट बुक किया था। 10 हजार रुपये रजिस्ट्रेशन और बाद में ईएमआई के जरिए कुल 6 लाख रुपये जमा कराए गए। पांच साल में कब्जा देने का आश्वासन दिया गया था। 2013 में फ्लैट की कीमत बढ़ाई गई और जाली आवंटन पत्र पर हस्ताक्षर करा लिए गए। कई साल बाद जब पीड़ित ने साइट देखी तो वहां निर्माण तक नहीं हुआ था। रुपये वापस मांगने पर टालमटोल की गई और मूल कागजात भी ले लिए गए। 16 साल बाद भी न फ्लैट मिला और न पैसा, तब पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है।

### रोडवेज बस से हेरोइन तस्कर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय मादक पदार्थ ब्यूरो (सीबीएन) की टीम ने हेरोइन तस्करों के गिरोह का खुलासा किया। यह गिरोह रोडवेज बस से तस्करी करता है। टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके पास से 280 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जिसकी कीमत करीब दो करोड़ रुपये है। सीबीएन गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में पता कर रही है। सीबीएन की उत्तर प्रदेश इकाई के उपायुक्त प्रवीण बाली के मुताबिक, सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की बस से हेरोइन तस्करी के लिए एक यात्री ले जा रहा है। इस आधार पर सीबीएन की एक टीम ने शुक्रवार को इटौंजा टोल प्लाजा के पास चेकिंग की।

### स्विगी पार्टनर सपोर्ट बता कर ठगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर थानाक्षेत्र में वेयरहाउस खोलने के नाम पर जालसाजों ने कारोबारी से ऑनलाइन ठगी की। पीड़ित के मुताबिक खुद को स्विगी पार्टनर सपोर्ट बताकर तीन लोगों ने सात लाख रुपये ठगे। पीड़ित ने महानगर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महानगर के कल्पना अपार्टमेंट निवासी अनुपम अग्रवाल के मुताबिक वेयर हाउस खोलने के लिए स्विगी सपोर्ट से संपर्क किया था। 20 जनवरी 2026 को आरोपियों ने पंजीकरण शुल्क के रूप में 69,999 रुपये की मांग की। जिसे पीड़ितों ने ऑनलाइन दो किस्तों में भुगतान किया। अगले दिन और रुपयों की मां की गई। इस पर पीड़ितों को ठगी का शक हुआ।

### युवक पर फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट में एक अक्टूबर को हुए फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को गिरफ्तार आरोपी यासिर इंदिरानगर का रहने वाला है। उसने अपने साथियों संग मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में तीन आरोपी पहले ही गिरफ्तार किये जा चुके हैं। विकल्पखंड स्थित सीबीसीआईडी कॉलोनी में शैलेन्द्र वर्मा रहते हैं। उन्होंने एक अक्टूबर को चिनहट पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके ऊपर आशुतोष मिश्रा, सत्यम, उत्कर्ष और अभय प्रताप समेत तीन-चार अन्य लोगों ने जानलेवा हमला किया है। जान से मारने की नियत से फायरिंग की है। पुलिस इस मामले में पड़ताल कर रही थी।

# डेढ़ हजार रुपये के लिए गवाह बनी वृद्धा गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अक्टूबर 2025 में उत्तराधिकारी ने दर्ज कराई थी बैनामे के फर्जीवाड़े की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** मोहनलालगंज में पैतृक भूमि के फर्जी बैनामे के एक बड़े मामले में पुलिस ने फरार चल रही 70 वर्षीय महिला को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महिला भगवान देई चौहान जाली रजिस्ट्री में फर्जी गवाह बनी थी। इस काम के लिए उसे डेढ़ हजार रुपये मिले थे। आरोपियों ने मृत व्यक्तियों के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि का बैनामा कराया था। पुलिस उक्त फर्जीवाड़े में पूर्व में तीन आरोपियों को जेल भेज चुकी है।

इंस्पेक्टर मोहनलालगंज बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 10 अक्टूबर 2025 को ऐशबाग निवासी सैय्यद फरहान हुसैन ने मोहनलालगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया कि था उनके पिता दिवंगत मोहम्मद उवैस की मृत्यु 12 जुलाई 2025 को हो गई थी और वह ग्राम घुसकर परगना मोहनलालगंज स्थित पैतृक भूमि के वैध उत्तराधिकारी हैं। उनके चाचा मोहम्मद सिद्दीक उस्मानी, मोहम्मद अनरू उस्मानी (उर्फ अनस), मोहम्मद वासिद उस्मानी (उर्फ मुब्बशिर) और मोहम्मद इलियास उस्मानी की भी पहले ही मृत्यु हो चुकी थी।

20 अगस्त 2025 को जब फरहान तहसील मोहनलालगंज में विरासत दर्ज कराने पहुंचे, तब उन्हें पता चला कि शहाबुद्दीन निजामुद्दीन उस्मानी (सूरत गुजरात), भगवान देई चौहान (मानक नगर) और विमल गिरि (महाराजगंज) ने फर्जीवाड़ा किया है। इन लोगों ने मृत व्यक्तियों के स्थान पर अन्य लोगों को प्रस्तुत कर कूटरचित दस्तावेजों और फर्जी हस्ताक्षरों के माध्यम से पैतृक भूमि का बैनामा अपने पक्ष में करा लिया था।

पुलिस ने 22 दिसंबर को मृत व्यक्तियों की जगह खड़े होने वाले रमेश कुमार गिरि, अग्गन और खुशीराम को जेल भेजा था। जबकि बैनामे में फर्जी गवाह बनी भगवान देई चौहान लंबे समय से फरार चल रही थी। गुरुवार दोपहर पुलिस टीम ने कैसरबाग बस स्टैंड के पास से भगवान देई चौहान निवासी कनौसी मानकनगर कृष्णानगर को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी भगवान देई ने बताया कि पूर्व में कचहरी में मुंशी का कार्य करती थी। रुपयों के लालच में उसने फर्जी गवाह बनकर तहसील मोहनलालगंज में गवाही दी। रजिस्ट्री के समय रमेश कुमार गिरि, अग्गन और खुशीराम फर्जी मुस्लिम नामों से स्वयं को प्रस्तुत कर रहे थे और वह भी मुस्लिम बनी थी। गवाही के एवज में आरोपी चांदबाबू ने उसे 1500 रुपये दिए थे। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में लगी है।

# चलते डंपर में आग, कूदकर बचाई जान

संवाददाता, सरोजनीनगर

- दमकल गाड़ी की मदद से पाया आग पर काबू



आग की लपटों में घिरा डंपर वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बंथरा में गुरुवार रात एक चलते डंपर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए डंपर को सड़क किनारे खड़ा किया और कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह जल चुका था।

फतेहपुर जिले के गौसपुर निवासी चालक मान सिंह डंपर में गिट्टी लादकर लखनऊ आया था। गुरुवार रात वह खाली डंपर लेकर कानपुर लौट रहा था। वह बंथरा थाना क्षेत्र में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास एलिवेटेड रोड के पिलर संख्या पी-37 के सामने पहुंचा, तो अचानक डम्पर की स्टेयरिंग के पास से धुआं उठने लगा। जबतक चालक मानसिंह कुछ समझ पाता, तब तक तेज स्पार्किंग के साथ डंपर में आग लग गई। स्थिति को भांपते हुए मान सिंह ने आनन-फानन डंपर को सड़क के किनारे खड़ा किया और नीचे कूद कर दूर खड़ा हुआ। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे वहां से गुजर रहे राहगीरों में दहशत फैल गई। पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद दमकल की एक गाड़ी ने पानी डालकर आग को बुझाया।

# भूमि विवाद को लेकर खूनी संघर्ष, पांच घायल

## दोनों पक्षों की तहरीर पर 20 लोगों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज



दो पक्षों के संघर्ष में खून से लथपथ लोग व घायल युवती। अमृत विचार

संवाददाता, माल

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के पिपरी कुराखर गांव में शुक्रवार सुबह भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। मारपीट में दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर प्रधान प्रतिनिधि समेत 20 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

पिपरी कुराखर निवासी सर्वेश कुमार ने बताया कि वह अपने भाइयों अभिषेक सिंह व सूर्यपाल सिंह के साथ पड़ोसी विनोद निगम से दीवार को लेकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही जितेंद्र बहादुर सिंह उर्फ दरोगा सिंह अपने भाइयों शिवगोपाल, शिवराम, अनंत सिंह, बेटे आदर्श, आयुष, जितेंद्र की पत्नी अंजू, सावित्री और सुशीला के साथ फावड़ा, बंसुली और बंदूक से लेकर दरवाजे पर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। यह देख सूर्यपाल सिंह व बेटे अभिषेक ने विरोध किया तो आरोपियों ने हमला कर मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बेटा शालू, युगांक, मां बिट्टी देवी व बहन पारुल बचाने आए तो सभी की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट में सूर्यपाल, अभिषेक, राजू व पारुल गंभीर रूप से घायल को गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। वहां से डॉक्टरों ने गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। यही नहीं आरोपियों ने बंदूक लगाकर शिकायत करने पर धमकी दी।

वहीं, प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र बहादुर सिंह उर्फ दरोगा ने बताया कि गांव के ही अनूप निगम अपना निर्माण कार्य करा रहे थे। यह देख सर्वेश उर्फ पप्पू सिंह, सूर्यपाल सिंह ने गाली गलौज करते हुए अनूप को पीट दिया। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे जितेंद्र ने मामले को शांत कराने का प्रयास किया तो सर्वेश कुमार व सूर्यपाल ने अभद्रता कर उन्हें भी मारा। शोर सुन बेटा आदर्श सिंह व आयुष सिंह बचाने दौड़े तो आरोपी सर्वेश, सूर्यपाल, राजू सिंह, युगांक उर्फ केतन सिंह, अभिषेक सिंह भदौरिया, प्रीति, रोली, पारुल, प्रिया सिंह, बिट्टी देवी, जगदेवी ने बेरहमी से पीटा। मारपीट में सूर्यपाल के द्वारा प्रधान प्रतिनिधि पर धारदार हथियार से सिर पर वार कर दिया। जिससे वे और दोनों बेटे घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एआई से अश्लील फोटो बना युवती को किया बदनाम, मां पर तानी बंदूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** निकाह न होने से नाराज युवक ने युवती को बदनाम करना शुरू कर दिया। एआई की मदद से युवती की अश्लील फोटो बनाकर भाई को भेज दी। यही नहीं रिश्तेदारों को कॉल कर उसे बदनाम किया। उसके बाद पैतृक निवास पर पहुंचकर मां पर बंदूक तानते हुए बेटी से संबंध बनाने का दबाव बनाया। शोर होने पर आरोपी भाग निकला। आखिरकार चुप्पी तोड़ पीड़िता ने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

उजरियांव निवासी 18 वर्षीय युवती ने बताया कि उसके निकाह की बातचीत अलीगंज स्थित विष्णुपुरी कॉलोनी निवासी शाहरुख से चल रही थी। कुछ पारिवारिक परिस्थितियों के कारण निकाह नहीं हो सका। आरोप है कि आरोपी शाहरुख ने पीड़िता के रिश्तेदारों को कॉल करके उसे बदनाम करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने बताया कि 12 जनवरी को आरोपी उसके पैतृक निवास बाराबंकी पहुंच गया। वहां पीड़िता की मां के ऊपर बंदूक तान दी। मां के शोर मचाने पर आरोपी भाग निकला।

# किन्नर से शादी कर जेवर व नकदी लेकर युवक फरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़िता ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** मदेयगंज इलाके में किन्नर से शादी करने के बाद युवक उसके जेवर व नकदी लेकर फरार हो गया। किन्नर ने आरोपी के घरवालों से जानकारी की तो उन्होंने धमकाया। मदेयगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी और उसके घरवालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

खदरा निवासी पीड़िता सानिया उर्फ शनि ने बताया कि मेहंदी टोला अलीगंज निवासी मारूफ ने उससे निकाह किया था और दोनों पति-पत्नी की तरह साथ रह रहे थे। मारूफ स्कूटी से सानिया को काम पर छोड़ने और लाने जाया करता था। सानिया ने बताया कि 21 जनवरी की सुबह करीब नौ बजे जब वह काम के लिए घर से निकली, तभी एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि मारूफ ने किसी दूसरी महिला से निकाह कर लिया है और विदेश भागने की तैयारी कर रहा है। दोपहर करीब एक बजे जब वह घर लौटी तो देखा कि मारूफ घर से गायब है। आलमारी में रखे कपड़े, लाखों के जेवर, दो लाख रुपये समेत अन्य कीमती सामान लेकर नहीं था। अलमारी और अन्य सामान भी बिखरा मिला। सानिया ने यह भी बताया कि मारूफ इससे पहले भी 7 अक्टूबर 2025 को इसी तरह घर से जेवर और नकदी लेकर भाग चुका है।

# जमीन की खरीद-फरोख्त में करोड़ों की हेराफेरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साझेदार ने जमीन आधा दर्जन से अधिक लोगों को बेची

**अमृत विचार:** बिजनौर इलाके में जमीन खरीद-फरोख्त में करोड़ों रुपये की हेराफेरी की गई। आरोप है कि 63 बिसवा जमीन के सहखातेदार ने अपनी कुछ जमीन का एग्रीमेंट कर रुपये लिए। बैनामे में टालमटोल देख पीड़ित ने छानबीन की तो पता चला कि आरोपी ने अपनी भूमि के साथ ही उनकी जमीन भी कई लोगों को बेचकर करोड़ों रुपये हड़प लिए। विरोध करने पर पीड़ित को धमकाया गया। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के आदेश पर बिजनौर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

आलमबाग के अर्जुननगर निवासी पीयूष छोकरा ने बताया कि उनकी बिजनौर के ग्राम बरकलाबाद में 63 बिसवा पारिवारिक जमीन है। उक्त भूमि में आधी अजय सिंह की थी। पीड़ित का कहना है कि चकबंदी और खतौनी प्रक्रिया का फायदा उठाकर आरोपी अजय सिंह ने जाली दस्तावेज की मदद से जमीन का विक्रय कराया और फर्जी अनुबंध कर उनसे धनराशि हड़प ली। पीड़ित पीयूष ने डीसीपी साउथ से मुलाकात कर शिकायत की।

# दबाव बनाने को किया था आत्मदाह का प्रयास

**अमृत विचार, लखनऊ :** औरैया के दिबियापुर स्थित ग्राम कंचौसी निवासी निजी कंपनी कर्मी शैलेंद्र सिंह यादव ने कानपुर देहात पुलिस-प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए लामार्ट चौराहे के पास खुद पर पेट्रोल उड़ेलकर आत्मदाह का प्रयास किया था। इससे पहले 19 अगस्त 2025 को शैलेंद्र ने उसी जगह पेड़ से फंदा लगाने की कोशिश की थी। माना जा रहा है कि किसी के उकसाने पर शैलेंद्र गुरुवार को आत्मदाह के लिए आया था। गौतमपल्ली थाने में उपनिरीक्षक बलराम सिंह ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

इंस्पेक्टर गौतमपल्ली रत्नेश सिंह ने बताया कि अगस्त माह में फंदा लगाने की कोशिश करने पर भी शैलेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। अभी तक की जांच से यह साफ है कि वह किसी के उकसाने पर ऐसा कर रहा है। पुलिस उस शख्स के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने कानपुर देहात के थाना अकबरनगर पुलिस और औरैया के थाना दिबियापुर पुलिस से संपर्क किया है। जानकारी के मुताबिक जमीन, मकान पर पड़ोसी अमर सिंह और उसके बेटे लल्लू ने कब्जा कर लिया है। इस मामले में थाने और प्रशासन से भी शिकायत की गई थी।

## बहरू गांव में 24 घंटे बाद धरना समाप्त

**अमृत विचार, काकोरी :** बहरु गांव में डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को अराजकतत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने से नाराज ग्रामीणों का धरना 24 घंटे के बाद समाप्त हुआ। डॉ बीआर आंबेडकर बुद्धा पार्क सेवा समिति द्वारा रखी गई सभी मांगें पूरी करने का आश्वासन ब्लाक प्रमुख नीतू यादव, एसडीएम सदर मनोज सिंह, एसीपी काकोरी शकील अहमद ने दिया। प्रमुख प्रतिनिधि शिशिर यादव ने क्षेत्र पंचायत निधि से पार्क की बाउंड्री, वॉटर कूलर व सुन्दरीकरण कराए जाने की घोषणा की। बताया जा रहा है कि बुधवार देर रात अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया था।

# कारोबारी के बेटे ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी

संवाददाता, सरोजनीनगर



चंद्रभान

**अमृत विचार:** बिजनौर के कटरा में गुरुवार देर रात को कपड़ा कारोबारी के बेटे चंद्रभान (34) ने फंदे से लटककर जान दे दी। परिजन को जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे की तलाशी ली। पुलिस के मुताबिक कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के मुताबिक, बिजनौर के कटरा निवासी साहबदीन की बिजनौर बाजार में शेखर वस्त्रालय के नाम से कपड़े की दुकान है, बेटा भी साथ में बैठता था। गुरुवार रात अचानक चंद्रभान अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद जब उसकी पत्नी रत्ना वहां पहुंची तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। इसके उसने खिड़की से झांक कर देखा तो चंद्रभान कमरे के अंदर पंखे के हुक से मफलर के सहारे फंदे से लटका नजर आया। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में पता चला है कि मृतक और उसकी पत्नी के बीच गुरुवार रात किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

## बीमार महिला ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

**अमृत विचार, पीजीआई :** पीजीआई के वृंदावन के सेक्टर-7ए के पास शुक्रवार दोपहर मालगाड़ी के सामने भागीरथी (70) ने कूदकर जान दे दी। वह रिटायर्ड सैन्यकर्मी खेम सिंह बेलवाल की पत्नी थीं। काफी दिनों से बीमार चल रही थीं। पुलिस के मुताबिक, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह के अनुसार, प्वाइंट्समैन की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। वहां महिला का शव बुरी तरह क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। बेटे लक्ष्मण ने पुलिस को बताया कि उनकी मां लंबे समय से बीमार थीं और मानसिक तनाव में चल रही थीं।

# कैफे में गिलास मांगने पर हमला

## वायरल वीडियो के जरिए दस गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



हवालात के अंदर मारपीट करने के आरोपी।

**अमृत विचार:** हजरतगंज के श्रीराम टॉवर के पीछे स्थित द ग्लोब कैफे में गुरुवार रात को गिलास मांगने पर संचालक और उसके साथी युवक को गालियां देने लगे। विरोध करने पर उस पर भगौने, रॉड व कलछुल से ताबड़तोड़ कई वार किये। किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे युवक ने पुलिस को सूचना दी। देर रात को पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो की मदद से पुलिस ने दस आरोपियों को चिह्नित कर गिरफ्तार कर लिया। सभी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से शुक्रवार शाम को जेल भेज दिया गया।

एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर अदनान, सत्येंद्र, भुवनेश पांडेय, मो. शोहेब, उमेश श्रीवास्तव, अफान, अजहर, कयूम, सर्वेश और नंदराम को चिन्हित कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य की तलाश की जा रही है। पीड़ित ने तहरीर में कैफे मालिक मो. अजहर को आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति बताते हुए उसके खिलाफ पहले भी झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने का आरोप लगाया है।

कार्रवाई | केजीएमयू के यौन शोषण और धर्मांतरण मामले में इनामी शारिक को चौक पुलिस ने भेजा जेल

# डॉक्टर जाहिद ने पढ़ाया निकाह, शारिक बना था गवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी शारिक।

**अमृत विचार :** केजीएमयू की जूनियर रेजिडेंट से यौन शोषण, गर्भपात और धर्मांतरण मामले में आरोपी रेजिडेंट डॉक्टर रमीज मलिक के निकाहनामा में गवाह बने शारिक खान को चौक पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पूछताछ में सामने आया कि आगरा की महिला डॉक्टर से निकाह में रमीज ने अपने होम्योपैथिक डॉक्टर दोस्त जाहिद हसन राणा को काजी बनाया था। आरोपी शारिक ने निकाह और धर्मांतरण से जुड़े कई फर्जी दस्तावेज बनवाए थे। इस बयान के बाद पुलिस दर्ज मामले में फर्जीवाड़े की धारा भी बढ़ाने की तैयारी कर रही है। वहीं, पुलिस अब जाहिद की तलाश में दबिशें दे रही है।

इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शारिक खान मूल रूप से पीलीभीत के न्योरिया का रहने वाला है। शारिक के पिता अजहर खान और रमीजुद्दीन के पिता सलीमुद्दीन दोनों दोस्त हैं। इस कारण शारिक और रमीज में भी दोस्ती है। शारिक काफी समय रमीज के साथ उत्तराखंड के खटीमा स्थित उसके घर पर भी रहा है। आरोपी रमीज जब आगरा की महिला डॉक्टर को पीलीभीत लेकर गया था। वहां निकाह के जाली और मतांतरण से संबंधित कई दस्तावेज शारिक ने बनवाए थे। यही नहीं निकाहनामा में गवाह बनकर हस्ताक्षर भी शारिक ने ही किए थे। चौक पुलिस ने 5 जनवरी को पुलिस ने सलीमुद्दीन और खतीजा को भी गिरफ्तार किया था। इसके बाद 9 जनवरी को 50 हजार के इनामी रमीज गिरफ्तार हुआ था। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी शारिक के बयान और जांच में सामने आया कि निकाह पीलीभीत के सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फीलखाना निवासी काजी जाहिद हसन राणा ने पढ़ा था। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी शारिक को पकड़ा था।

इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शारिक ने अपना पासपोर्ट भी बनवा लिया था। वह विदेश भागने की फिराक में था। पूछताछ में शारिक ने बताया कि रमीज हिंदू लड़कियों को टारगेट करता था। उनका ब्रेन वॉश करता था। प्यार के जाल में फंसाकर मतांतरण, यौन शोषण कर ब्लैकमेल करता था।

### रमीज को दिलाई थी तीन प्रांतों में शरण

केजीएमयू की पैथॉलोजी विभाग की महिला डॉक्टर ने रमीज के खिलाफ 23 दिसंबर को चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। रमीज यहां से भागकर खटीमा, देवबंद, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों, दिल्ली में रहा था। पुलिस की पूछताछ में शारिक ने बताया कि उसने रमीज को रुकवाने के लिए इन स्थानों पर मदद भी की थी। एक अलग नंबर लेकर वह रमीज से बात करता था।

# जाली दस्तावेजों पर लोन कराने वाला गिरफ्तार



आरोपी जालसाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग पुलिस ने फर्जी दस्तावेज पर बैंक ऑफ इंडिया से 20 लाख रुपये का लोन कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में बैंक ऑफ इंडिया के कैसरबाग शाखा के प्रबंधक दिनकर प्रताप सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें आयुष गुप्ता और ललित कुमार गोयल को आरोपी बनाया था।

इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी ललित कुमार गोयल एपी सेन रोड, हुसैनगंज, लखनऊ का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी को चारबाग मेट्रो स्टेशन के पास मौजूद था। पुलिस को देखते ही वह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे दबोच लिया गया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने पियूष गुप्ता को आयुष गुप्ता के नाम से पहचान सत्यापित कर फर्जी अभिलेखों के आधार पर बैंक से लोन स्वीकृत कराने में मदद की थी और गारंटी भी दी थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी ललित पिछले चार वर्ष से फरार चल रहा था। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया।

## सिटी ब्रीफ

### राज्यपाल ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

अमृत विचार, लखनऊ : महात्मा गांधी की पुण्यतिथि एवं शहीद दिवस के अवसर पर जनभवन के गांधी सभागार में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारियों ने भी गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय तथा जनभवन में अध्यासित बच्चों द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता, विशेष कार्याधिकारी अशोक देसाई, डॉ. पंकज एल. जानी, विधि परामर्शी सुनील वर्मा सहित जनभवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गोमती नगर में विराट हिंदू सम्मेलन कल

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय स्वयंसेवक संघ के मार्गदर्शन में गोमती नगर विस्तार स्थित पर्वतीय महापरिषद भवन में 1 फरवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन के संयोजक डॉ. मृदुल शुक्ला, अयोध्या श्रीराम मंदिर आंदोलन में सक्रिय रहे हैं, गोमती नगर में हिंदू समाज को संगठित करने के लिए निरंतर कार्यरत हैं। कोषाध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव आयोजन की वित्तीय और अन्य व्यवस्थाओं का दायित्व संभाल रहे हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुशील बघेल, रविन्द्र चौधरी और धीरज ओझा भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सम्मेलन में हिंदू समाज की एकजुटता, उत्थान और समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह मंच प्रबुद्ध वर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण वैचारिक आयोजन साबित होगा।

### सपा ने मतदाता कैंप का किया आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी, लखनऊ महानगर की ओर से कैंट विधानसभा के 11 वार्डों में मतदाता जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत पार्टी नेताओं, संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फार्म-6, 7, 8 के माध्यम से मतदाता पंजीकरण और संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया। सम्मेलन में पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी और पूर्व मंत्री तेज नारायण उर्फ पवन पांडेय ने सभी वार्डों का दौरा कर कैंपो की समीक्षा की और कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की ओर से कैंट विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया था। कार्यक्रम में व्यापारी नेता पवन मनोचा, राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित अभिषेक बाजपेयी, सपा नेत्री पूजा शुक्ला भसीन, पार्षद देवेन्द्र सिंह यादव मौजूद रहें।

### गणतंत्र का अर्थ समानता है दीवार नहीं

अमृत विचार, लखनऊ : यू पी प्रेस क्लब व उप्र साहित्य सभा के पारंपरिक साहित्यिक समारोह 'सृजन' के 165 वें अंक का आयोजन शुक्रवार को हुआ। सच्चिदानंद शलभ की अध्यक्षता, हसीब सिद्दीकी, शिवशरण सिंह की उपस्थिति में डॉ सुरभि सिंह के संयोजन में रश्मि शरद के संचालन में पूजा श्रीवास्तव की वाणी वंदना से प्रारंभ हुये काव्य समारोह में गणतंत्र दिवस विषयक आधारित रचनाओं का पाठ किया गया। सृजन के संस्थापक सर्वेश अस्थाना ने कहा- गणतंत्र का अर्थ समानता है दीवार नहीं साहित्यकार को समानता का साम्राज्य स्थापित करना है।

# सैंया भए कोतवाल नाटक से हुई तीन दिवसीय नाट्य समारोह की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कैसरबाग स्थित इप्टा प्रेक्षागृह में नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली, संस्कृति विभाग उप्र. थियटर एवं फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय नाट्य समारोह की शुरुआत शुक्रवार से हो गई है। 1 फरवरी तक इप्टा प्रेक्षागृह कैंसरबाग लखनऊ में आयोजित इस समारोह में पहले दिन नाटक सैयां भए कोतवाल नव अंशिका फाउंडेशन रंगमंडल के द्वारा प्रस्तुति किया गया। नाटक का निर्देशन त्यागी ने किया।

- एक फरवरी तक चलेगा नाटकों की प्रस्तुतियों का दौर

यह नाटक सैया भए कोतवाल एक दिल फेकपुर के राजा सक राम की कहानी है यहां के राजा को अपने काम से ज्यादा अपनी सनक की चिंता ज्यादा रहती है इसलिए पूरा राज्य उन्हें सक नाम से ही जानते है। इस राजा के राज्य का कामकाज कुछ ऐसा है कि राजा को जब सनक सवार हो तभी राज्य का काम होता है। राज्य में एक पुराना सा बंगला खाली पड़ा था जहां पर भूतों ने कब्जा कर रखा है। वही एक ''मैं'' नाम की महिला अपना कोठा खोल लेती है। मैं भी मैं के प्यार में पागल रहता हूं, पर वह कहती है जब तुम कोतवाल बनोगे तभी हमारी शादी होगी। नाटक में कई सारे हास्य दृश्य उत्पन्न होते हैं। मंच पर रोहित श्रीवास्तव, ऋषभ पाण्डेय, शशांक पाण्डेय, अनामिका सिंह, सनुज प्रजापति, कुलदीप श्रीवास्तव, सौरभ वर्मा, रेनू शुक्ला, अफजल सिद्दीकी, हिबा, फैसल आदि के द्वारा अभिनय किया गया।

नाट्य समारोह की दूसरी प्रस्तुति थियेटर एवं फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन रंगमंडल के कलाकारों के द्वारा दबीर सिद्दीकी की परिकल्पना व निर्देशन में किया जाएगा।

# खुद दवा खाएं व परिवार को भी खिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10 फरवरी से शुरू होने जा रहा फाइलेरिया रोधी अभियान
- नेगलेक्टेड ट्रापिकल डिसीज दिवस पर वाकाथन व संगोष्ठी आयोजित

अमृत विचार : आगामी 10 फरवरी से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए निर्णायक सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान शुरू हो रहा है। सब लोग दवा खाएं और अपने घर-परिवार के लोगों को भी दवा खिलवाएं। आपका भरपूर सहयोग मिलेगा तो हम इन बीमारियों का प्रदेश से उन्मूलन कर ले जाएंगे।

ये अपील शुक्रवार को स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने नेगलेक्टेड ट्रापिकल डिजीज (एनटीडी) दिवस के मौके पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में की। इस मौके पर पीसीआई व लविवि ने संयुक्त रूप से नए परिसर में रैली निकाली और फाइलेरिया के बारे में जागरूक किया। बाद में आयोजित संगोष्ठी में राज्य मंत्री ने कहा कि बिना बीमारी के किसी भी व्यक्ति को दवा खिलाना निश्चित तौर पर मुश्किल काम है, लेकिन मच्छर जनित रोगों के मामले में और कोई उपाय भी नहीं है। फाइलेरिया एक बार हो जाए तो फिर इसका कोई इलाज नहीं है। इसलिए दवा खाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आईडीए अभियान को चलाने में वॉलंटियर की अहम भूमिका है। अंत में सभी को फाइलेरिया की दवा खाने की शपथ भी दिलाई गई।

अपर मुख्य सचिव अमित घोष ने भी राज्य मंत्री की बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि उपेक्षित बीमारियों को खत्म कर पाना सिर्फ एक विभाग के बस का नहीं है। इसके लिए अंतरविभागीय समन्वय व समुदाय की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर उपेक्षित बीमारी के लिए अलग रणनीति बनानी होगी।

विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि 51 जिलों के 782 ब्लाक में फैली फाइलेरिया बीमारी अब 21 जिलों के 64 ब्लाक में सिमट गई है। यह स्वास्थ्य विभाग के संगठित काम को दर्शाता है। इसी तरह अन्य उपेक्षित बीमारियों के लिए भी काम करना होगा।

गेट्स फाउंडेशन के उपनिदेशक डॉ भूपेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि उपेक्षित रोगों के मामले में भारत विश्व में शीर्ष पर है। समुदाय का और सहयोग मिलेगा तो हम इन बीमारियों का उन्मूलन जल्द कर लेंगे।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ एके चौधरी ने बताया कि अभियान में विश्व स्वास्थ्य संगठन, पाथ, सीफार और जीएचएस संस्थाओं के साथ-साथ 3335 वॉलंटियर, जिनमें प्रधान, कोटेदार, फाइलेरिया मरीज, एसएचजी सदस्य 853 गांवों में फाइलेरिया और आईडीए के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं और सोशल मोबिलाइजेशन एक्टिविटी आयोजित कर रहे हैं। इसके अलावा पीसीआई के 84 वॉलंटियर भी जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# केजीएमयू में जल्द शुरू होगा दिल और फेफड़े का प्रत्यारोपण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में अब दिल और फेफड़े के प्रत्यारोपण की सुविधा भी उपलब्ध होगी। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि संस्थान के शताब्दी भवन में विशेष ट्रांसप्लांट यूनिट तैयार है, जिसमें अंग प्रत्यारोपण से जुड़ी सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं।

पहले से ही केजीएमयू में कार्निया, लिवर और किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध है। लिवर और किडनी प्रत्यारोपण में मरीज के परिवारजन अंगदान करते हैं, जबकि फेफड़ा और दिल के लिए केवल ब्रेनडेड व्यक्ति के अंग ही दान में लिए जा सकते हैं। केजीएमयू ने तैयारी पूरी कर ली है और अंग मिलने पर यह सुविधा तुरंत शुरू की जाएगी। हालांकि, पिछले सप्ताह पहला दिल प्रत्यारोपण होते-होते रह गया। ट्रॉमा सेंटर में भर्ती एक ब्रेनडेड मरीज के अंग दान के लिए काउंसलिंग की गई और प्रत्यारोपण योग्य मरीज की पहचान भी हो गई थी। लेकिन प्रत्यारोपण की आवश्यकता वाले मरीज की उसी दिन मृत्यु हो गई।

## वार्षिक सम्मेलन में मरीज की सही रिपोर्टिंग पर चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू के कंवेंशन सेंटर में शुक्रवार को एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल केमिस्ट्री एंड लैब मेडिसिन प्रैक्टिशनर्स के 12वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन हुआ। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य मरीजों की खून जांच को और अधिक प्रभावी और सटीक तरीके से करने पर ध्यान केंद्रित करना है। केजीएमयू के बॉयोकेमिस्ट्री विभाग की प्रमुख डॉ. कल्पना सिंह ने बताया कि सही और सटीक जांच रिपोर्ट के बिना मरीज के इलाज पर प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रसव से पहले होने वाली तमाम जांचें प्रसूता और गर्भस्थ शिशु को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सम्मेलन के पहले दिन का नाम 'सलाम-नमस्ते' रखा गया और हॉल के नाम रूमी दरवाजा, रेजीडेंसी और छोटा इमामबाड़ा रखकर लखनवी नज़ाकत और नफासत को महसूस कराने का प्रयास किया गया। देशभर से आए विशेषज्ञों ने चिकित्सा शिक्षा में क्लिनिकल बायोकैमिस्ट्री का एकीकरण और आधुनिक प्रयोगशाला तकनीकों की बदलती भूमिका पर चर्चा की, ताकि मरीजों के इलाज को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# आंखों की जांच की आधुनिक मशीनों का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



फीता काटते स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन।

- मोहनलालगंज सीएचसी में मरीजों को मिलेगी सुविधा

अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), मोहनलालगंज में डिजिटल सर्वाइकल एवं स्तन कैंसर स्क्रीनिंग तथा डिजिटल ऑटो-रेफ्रेक्शन के माध्यम से बच्चों की आंखों की जांच के लिए आधुनिक मशीनों का लोकार्पण शुक्रवार को महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उत्तर प्रदेश डॉ. रतन पाल सिंह सुमन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए तकनीक आधारित नवाचारों को लगातार बढ़ावा दे रही है। डिजिटल सर्वाइकल एवं स्तन कैंसर स्क्रीनिंग से रोगों की समय रहते पहचान संभव होगी, जिससे समय पर इलाज सुनिश्चित किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि डिजिटल ऑटो-रेफ्रेक्शन तकनीक से बच्चों में दृष्टि संबंधी समस्याओं का शीघ्र निदान किया जा सकेगा, जिससे भविष्य में होने वाली जटिलताओं को रोका जा सकेगा। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने कहा कि आकांक्षी नगर योजना के तहत लखनऊ में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। स्वास्थ्य विभाग और स्वयंसेवी संस्था सम्यक कलेक्टिव गुड फाउंडेशन के सहयोग से मोहनलालगंज सीएचसी में इन आधुनिक मशीनों की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि इस पहल से बाल स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सर्वाइकल एवं स्तन कैंसर स्क्रीनिंग को नई मजबूती मिलेगी। डिजिटल ऑटो-रेफ्रेक्शन मशीन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम को सौंपी जाएगी, जो विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों में 42 प्रकार की जन्मजात बीमारियों की पहचान कर उनके इलाज की व्यवस्था करती है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य निदेशक डॉ. संजू अग्रवाल, संयुक्त निदेशक डॉ. अलका शर्मा, डिप्टी सीएमओ डॉ. निशांत निर्वाण, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, सीएचसी अधीक्षक डॉ. दिवाकर भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हर केंद्र पर मिलेंगे छह विशेषज्ञ 84 डॉक्टरों से होगा अनुबंध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शहर में 14 पॉली क्लीनिक खोलने की कवायद तेज

अमृत विचार : लोगों को उनके घर के नजदीक बेहतर और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने शहर में प्रस्तावित पॉली क्लीनिकों की तैयारियां तेज कर दी हैं। विभाग ने सभी 14 पॉली क्लीनिकों की जगह तय कर ली है और अब विशेषज्ञ डॉक्टरों से अनुबंध की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। प्रत्येक पॉली क्लीनिक पर छह विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की जाएगी, जिससे मरीजों को प्राथमिक स्तर पर ही विशेषज्ञ परामर्श मिल सके।

जिले में वर्तमान में मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर 108 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) संचालित हो रहे हैं, जहां एमबीबीएस डॉक्टर तैनात हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता न होने के कारण गंभीर या जटिल रोगों से पीड़ित मरीजों को बड़े अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ने पिछले वर्ष शहर में 14 पॉली क्लीनिक खोलने की योजना बनाई थी।

प्रत्येक पॉली क्लीनिक में ईएनटी, बाल रोग, स्त्री रोग, एमडी मेडिसिन, कैंसर सहित विभिन्न विधाओं के छह विशेषज्ञ तैनात किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग को प्रति पॉली क्लीनिक लगभग दस लाख रुपये का बजट भी प्राप्त हुआ है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि फरवरी में 84 विशेषज्ञ डॉक्टरों से अनुबंध की प्रक्रिया पूरी कर मार्च तक पॉली क्लीनिकों का संचालन शुरू करने की योजना है।

# कुष्ठ रोग पूरी तरह इलाज संभव भेदभाव से बचें: डॉ. कविता आर्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बैठक में मौजूद लोग।

- एंटी लेप्रोसी दिवस पर बलरामपुर अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

अमृत विचार : एंटी लेप्रोसी दिवस के अवसर पर बलरामपुर अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कुष्ठ रोग को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना और समय पर पहचान व इलाज के महत्व के प्रति आमजन को जागरूक करना रहा। अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता आर्या ने कहा कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से उपचार योग्य बीमारी है और यदि समय पर सही इलाज मिल जाए तो इससे होने वाली विकलांगता को रोका जा सकता है। उन्होंने अपील की कि कुष्ठ रोगियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न किया जाए और उन्हें सम्मान के साथ समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाए।

सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि बलरामपुर अस्पताल में कुष्ठ रोग से संबंधित जांच, उपचार और परामर्श की समुचित सुविधाएं उपलब्ध हैं। एमएस डॉ. देवाशीष शुक्ला ने कहा कि एंटी लेप्रोसी दिवस जैसे कार्यक्रम स्वास्थ्यकर्मियों के साथ-साथ आम जनता को भी जागरूक करने का सशक्त माध्यम हैं, जिससे भय और गलत धारणाओं को दूर किया जा सकता है। वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. एमएच उस्मानी ने कुष्ठ रोग के कारण, लक्षण, इलाज और रोकथाम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित दवा और समय पर पहचान से रोग पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाषण, पेपर प्रेजेंटेशन सहित शैक्षणिक प्रस्तुतियां दीं।

# समय पर जांच से संभव है स्तन कैंसर का उपचार: डॉ. दीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- टूड़ियागंज में स्तन कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम

अमृत विचार : कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान के पब्लिक हेल्थ विभाग की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) टूड़ियागंज में स्तन कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सीएचसी की अधीक्षिका डॉ. गीतांजलि सिंह, जूनियर रेजिडेंट डॉ. दीक्षा पाठक, नर्सिंग ऑफिसर कशिश कश्यप, फील्ड ऑफिसर सुशील यादव सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय सहभागिता की।

डॉ. दीक्षा पाठक ने कहा कि समय पर जांच और सही जानकारी से स्तन कैंसर का सफल उपचार संभव है। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा समय-समय पर जांच की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

इस दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि स्तन या बगल में गांठ होना, स्तन के आकार या बनावट में बदलाव, निप्पल से रक्त या असामान्य स्राव आना, स्तन की त्वचा पर गड्ढे पड़ना, लालिमा या सिकुड़न होना स्तन कैंसर के संकेत हो सकते हैं।

बिना दर्द की गांठ भी खतरनाक हो सकती है, इसलिए किसी भी असामान्य परिवर्तन को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। नर्सिंग ऑफिसर कशिश कश्यप एवं फील्ड ऑफिसर सुशील यादव ने महिलाओं को स्क्रीनिंग प्रक्रिया की जानकारी दी और जांच के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया।

### केजीएमयू के तीन विभागों में सुलभ होगा आवागमन

अमृत विचार, लखनऊ: किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के मरीजों, खासकर गंभीर और क्रिटिकल रोगियों के लिए राहत भरी खबर है। विश्वविद्यालय के तीन प्रमुख विभागों में आवागमन की सुविधाएं बेहतर करने के लिए रैंप और लिफ्ट का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। केजीएमयू के यूरोलॉजी विभाग में रैंप का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, जिसे एक माह के भीतर मरीजों के लिए खोल दिया जाएगा। विभाग में अधिकतर ऑपरेशन और सर्जरी से जुड़े कार्य सेकंड फ्लोर पर होते हैं। अब तक मरीजों को लिफ्ट या सीढ़ियों पर ही निर्भर रहना पड़ता था। बिजली कटने या लिफ्ट खराब होने की स्थिति में मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इमामबाड़े के निकट स्थित होने के कारण पुरातत्व विभाग के नियमों के तहत यहां स्थायी निर्माण संभव नहीं था, इसलिए लोहे का अस्थायी रैंप तैयार किया गया है। वहीं जनरल सर्जरी के सामने स्थित एनेस्थीसिया-2 बिल्डिंग में भी स्थायी रैंप का निर्माण तेजी से चल रहा है। इस भवन में सीसीयू, अन्य क्रिटिकल केयर यूनिट के साथ-साथ प्राइवेट और सेमी-प्राइवेट वार्ड स्थित हैं। रैंप न होने के कारण मरीजों को केवल लिफ्ट के सहारे लाया-ले जाया जाता था। अधिकारियों के अनुसार यह रैंप करीब तीन से चार महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। लिफ्ट लगाने का कार्य अंतिम चरण में है, जिसे एक से दो महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

उम्मीदें

बजट में दिखे एक ट्रेड एक टैक्स व्यवस्था, ई-कामर्स और रिटेल ट्रेड पॉलिसी पर करें गंभीर पहल

# वित्त मंत्री जी ! बजट में दीजिए व्यापारियों के दर्द की दवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: रविवार को केंद्र सरकार अपना बजट लेकर आ रही है। पहली फरवरी को संसद में पेश होने वाले इस बजट में व्यापारियों ने वित्तमंत्री के समक्ष अपना दर्द रखा है। कपड़ा कारोबारी हों या फिर कीमतों की रफ्तार से पटरी से उतर चुका सर्राफा कारोबारी।

संगठनों ने व्यापारियों को जटिल कर संरचना से राहत देते हुए एक ट्रेड एक टैक्स व्यवस्था को लागू करने की मांग सरकार से की है। ई-कामर्स पॉलिसी लागू करने, पोर्टल की तकनीकी खामियों का पुराना मर्ज फिर से उठाया। कई अन्य मुद्दों पर व्यवसायिक संगठनों के प्रमुखों और विभिन्न ट्रेड के व्यापारियों ने इस बजट में सरकार से कुछ अपेक्षाएं की हैं। इस सिलसिले में वित्तमंत्री को मेल भी व्यापारियों ने किया है। पेश है व्यापारियों से बातचीत के अंश...



ई-कामर्स और ऑनलाइन कारोबार के लिए पॉलिसी बनाई जाए। ऑनलाइन पर कंट्रोल हो, सेस लगे नहीं तो आगामी पांच साल में मोबाइल का खुदरा बाजार खत्म हो जाएगा। ऑनलाइन कंपनियों पर नकेल कसना जरूरी है। नियम कानून स्पष्ट होने चाहिए। इलेक्ट्रानिक बाजार में बड़ी कंपनियां अपनी मोनोपोली बना मनमाने ढंग से काम कर रही हैं।

-नीरज जौहर, प्रदेश अध्यक्ष उप्र. मोबाइल एसोसिएशन



कर प्रणाली में सरलीकरण और राहत की आवश्यकता है। जीएसटी प्रवर्तन में तकनीकी त्रुटियों को कर चोरी मानकर भारी ब्याज और पेनाल्टी लगाई जा रही है, जिससे भय का वातावरण बना है। स्थानीय व्यापार का संरक्षण और डिजिटल संतुलन- ई-कॉमर्स के अनियंत्रित भारी डिस्काउंट से स्थानीय बाजार प्रभावित हो रहे हैं।

-संदीप बंसल, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल



स्टेशनरी कारोबार में अलग-अलग चीजों पर अलग-अलग जीएसटी की दरें हैं। शैक्षणिक सामग्री पर न्यूनतम जीएसटी दर होनी चाहिए। 18 प्रतिशत तो कतई नहीं। हर आइटम पर अलग कर है। इससे कारोबार का स्वरूप बिगड़ा हुआ है। चीजें महंगी हैं। इसका नुकसान उपभोक्ता तो कभी फुटकर व थोक विक्रेता को होता है। एक ट्रेड एक कर लागू करें सरकार।

-जितेंद्र सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विक्रेता एवं स्टेशनरी निर्माता एसोसिएशन



हर वर्ष कीमतों में पांच से सात फीसद की बढ़ोत्तरी कर दी जाती है। कपड़ा कारोबार पर पांच फीसद से ज्यादा टैक्स नहीं होना चाहिए। यार्न में अलग जीएसटी दर है। रेडीमेड में अलग है। पॉलिस्टर यार्न और प्रोसेसिंग में इजाफा कर कीमतें बढ़ा दी जाती हैं। कॉटन, इंब्राडरी, बनारसी समेत सभी तरह के कपडे.महंगे हैं। इन पर जीएसटी कम होनी चाहिए।

-प्रभू जालान, महामंत्री स्वदेशी मार्केट एवं साड़ी के थोक व्यापारी



सोने-चांदी के भाव में निरंतर बदलाव ने कारोबारियों और ग्राहकों को असहज कर दिया है। बाजारों में सन्नाटा है। सहालग के मौसम में जहां शोरूम ग्राहकों से पटे रहते थे आज वह खाली हैं। कीमतों में स्थिरता आवश्यक है। लोग पुराने जेवरों को रीसाइकिल करा काम चला रहे हैं। यह अच्छे संकेत नहीं है। सरकार तत्काल इस पर ठोस पहल करे।

-अनुराग रस्तोगी, स्टेट हेड इंडिया बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन (इब्जा)



बजट में व्यापारियों की तीन प्रमुख मांगों को लाया जाए। सरकारी कर्मचारी की तरह कारोबारियों का स्वास्थ्य बीमा लागू किया जाए। जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों की दुकान जलने पर भरपाई के लिए एक करोड़ और लेट होने पर ली जाने वाली ब्याज दर को बैंक की एफडी के समान या फिर अधिकतम नौ प्रतिशत की दर से ही लिया जाए। इससे ज्यादा नहीं।

-बनवारी लाल कंछल, प्रदेश अध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल



व्यापारियों को जटिल कर संरचना से राहत देते हुए एक ट्रेड-एक टैक्स व्यवस्था को लागू किया जाए। ऑनलाइन व्यापार (ई-कॉमर्स) पर अतिरिक्त कर लगाया जाए। टीडीएस की दो दरें (1 या फिर 5 प्रतिशत) रखी जाएं। कच्चे माल पर अधिक और तैयार माल पर कम टैक्स दर के कारण फंसने वाले आईटीसी क्लेम के ऑटोमेटिक रिफंड की व्यवस्था होनी चाहिए।

-अमरनाथ मिश्र, अध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल



हर साल कपडे.में किसी न किसी रूप में पांच फीसद की बढ़ोत्तरी हो जाती है। चाहे वह यार्न की तेजी हो या कपास में और कपड़े की प्रोसिसिंग। रेडीमेड पर 18 प्रतिशत जीएसटी ली जा रही है। पॉलिएस्टर यार्न में 12 फीसद। ऐसे में कपड़े की कीमत में लगातार बढ़ोत्तरी जारी है। हर तरह के कपडे.पर पांच फीसद ही जीएसटी की दर रखी जाए।

-अशोक मोतियानी, अध्यक्ष उप्र, कपड़ा उद्योग व्यापार मंडल



ई-कामर्स पॉलिसी, रिटेल ट्रेड पॉलिसी, स्वास्थ्य बीमा, हाउसिंग लोन में रिबेट, एमएसएमई लोन का सरलीकरण, बाजारों में सीसीटीवी कैमरे के लिए अलग से फंड की व्यवस्था, नेशनल फेसलेस स्कीम में जिन आयकरदाता का विवादित आयकर पचास लाख से कम हो उनके केस, उन्हीं के न्यायिक क्षेत्र में होने चाहिए।

-संजय गुप्ता, अध्यक्ष उप्र. आदर्श व्यापार मंडल

### प्री बजट चर्चा में उठी ई-कामर्स पॉलिसी बनाने की मांग

अमृत विचार, लखनऊ: उप्र. आदर्श व्यापार मंडल की ओर से शुक्रवार को अयोध्या रोड स्थित कार्यालय में "प्री-बजट चर्चा" की गई। इसमें व्यापारियों ने वित्त मंत्री से बजट में 17 बिंदुओं पर राहत देने की मांग की। इनमें "ई कॉमर्स पॉलिसी "बनाए जाने, रिटेल ट्रेड पॉलिसी तय करने, रिटेल सेक्टर से एफडीआई को घटाने की मांग व्यापारियों ने केंद्र सरकार से की है। व्यापारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा समेत कई अन्य चीजों पर बात रखी गई। बजट में करीब डेढ़ बिंदु सरकार के सामने लाए गए। इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाथ त्रिपाठी, चार्टर्ड अकाउंटेंट बी के गुप्ता, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चड्ढा ,प्रदेश उपाध्यक्ष इकबाल हसन, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उद्योगपति आसिफ़ किदवई, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष वर्मा,नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, अनुज गुप्ता, विवेक कुमार गुप्ता ,भूतनाथ आदर्श व्यापार मंडल के चेयरमैन कमल अग्रवाल, अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ,मनोज सिंह ,राजू जायसवाल मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### यूपी बोर्ड ने मांगी अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रो की सूची

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए सभी जिलों से संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केंद्रों की सूची मांगी है। इसके लिए बोर्ड ने जिला विद्यालय निरीक्षकों से निर्धारित प्रारुप में सूची उपलब्ध कराने को कहा गया है। जिससे इन केंद्रों की सतत मॉनिटरिंग की जा सके और नकल मुक्त परीक्षा आयोजित की जा सके। अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संवेदनशील व अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों की सूची मांगी गई है। संवाद को सशक्त करेगा।

### लविवि शिक्षक फ्रांस में प्रस्तुत करेंगे शोध पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में प्रोफेसर प्रो. वरुण छाछर यूनिवर्सिटी ऑफ़ लियोन, फ्रांस में आयोजित प्रतिष्ठित विंटर स्कूल में अपना शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। भारतीय सामाजिक कानूनी शोध को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित करने में इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह विंटर स्कूल 2 से 6 फ़रवरी को फ्रेंच आल्प्स में स्थित प्रसिद्ध शैक्षणिक केंद्र, ऑसुआ में आयोजित होगा। प्रो. छाछर "भारत में अनुसूचित जाति समुदाय पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव : एक समालोचनात्मक अध्ययन" विषय पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगे।



### डॉ. आरपी सिंह के डिवाइस को मिला पेटेंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के शिक्षक प्रो. डॉ. आरपी सिंह के एक यंत्र को पेटेंट हासिल हुआ है। डॉ. सिंह के डिवाइस डिज़ाइन सेल्फ रिफ्लेक्शन बेस्ड डायरी फॉर मेंटल वेलनेस ट्रैकिंग के लिए पेटेंट मिला है। इस मॉड्यूल के द्वारा किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य का आंकलन करने में सहायता मिलेगी। इस मॉडल के द्वारा किसी व्यक्ति के दैनिंदिन सोच और व्यवहार का आंकलन करके उसे निदानात्मक साहित्य पढ़ने की तरफ प्रेरित किया जायेगा। सेल्फ-रिफ्लेक्शन विधि द्वारा इस के अंतर्गत प्राप्त जानकारी का प्रयोग मानसिक स्वास्थ्य की ट्रैकिंग और तत्सम्बन्धी निदान की दिशा में काफी लाभकारी सिद्ध होगा। प्रो. आरपी सिंह की शोध व परिकल्पना एवं क्रियान्वयन टीम में डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की शिक्षिका डॉ. अलका सिंह और अध्येता जॉय चौहान रहे।



### बीबीएयू और यूके विवि के बीच हुआ समझौता

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय और यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ वेल्स (यूके) के बीच अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ वेल्स के साथ प्रस्तावित जीन मोनेट ईयू-इंडिया नेटवर्क के अंतर्गत संस्थागत सहभागिता हेतु सहमति प्रदान की है। यह प्रस्ताव यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ वेल्स के प्रोफेसर ऑफ पोलिसिंग एंड सिक्योरिटी प्रो. क्रिश्चियन काउनर्ट द्वारा प्रस्तुत किया गया था। यह सहयोग विशेष रूप से जेंडर, न्याय, सामाजिक असमानता तथा ईयू-इंडिया रणनीतिक सहयोग जैसे विषयों पर अकादमिक शोध और

### आईआईएम करेगा सिटी रन का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) आगामी 1 फरवरी को लखनऊ में सिटी रन का आयोजन करने जा रहा है। जिसमें हजारों छात्र, प्रोफेशनल, फिटनेस प्रेमी और शहरवासियों के भाग लेने की उम्मीद है। यह आयोजन स्वास्थ्य और सामाजिक उत्तरदायित्व की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। आईआईएम अपने प्रमुख वार्षिक उत्सव मैनफेस्ट-वर्चस्व 2026 के अंतर्गत लखनऊ सिटी रन 2026 का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम रविवार 1 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। दौड़ की शुरुआत सुबह 6 बजे, गेट नंबर 3, लोहिया पार्क, गोमती रिवर फ्रंट से होगी। प्रतिभागी अपनी सुविधा और क्षमता के अनुसार 5 किलोमीटर (सामान्य धावकों के लिए) व 10 किलोमीटर (चुनौती चाहने वालों के लिए) में से किसी एक का चयन कर सकते हैं। विजेताओं को 1 लाख तक के पुरस्कार साथ ही शीर्ष 100 फिनिशर्स को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए जाएंगे।

# शकुंतला विवि: शिक्षक व शोधार्थी सम्मानित

## डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में दिया गया अकादमिक एक्सीलेंस अवार्ड 2025

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अकादमिक एक्सीलेंस अवार्ड-2025 उत्कृष्ट शिक्षकों और शोधार्थियों को दिया गया। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने अलग-अलग विभागों के चयनित प्रतिभागियों को सम्मान-पत्र प्रदान किया। प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि विज्ञान, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के प्रो. सीके दीक्षित को सम्मान प्रदान किया गया। इसके बाद एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कौशिक सिंह और डॉ. विनोदिनी कटियार को सम्मानित किया गया।

असिस्टेंट प्रोफेसर श्रेणी में डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह, डॉ. संजय कुमार, डॉ. महेश कुमार चौधरी और डॉ. श्याम सिंह को उनके अकादमिक कार्यों के लिए सम्मान मिला। शोध श्रेणी में शोधार्थी अर्चना कश्यप और रयान जे. लिवर्न को उनके शोध योगदान के लिए सम्मानित किया गया। ग़ैर शैक्षणिक संवर्ग में सब इंस्पेक्टर दयाशंकर, वैक्तिक सहायक ग्रेड टू कर्मचारी सुशील कुमार, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सूरज पाल को भी सम्मान मिला। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने में शिक्षकों और शोधार्थियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।



डॉ. कौशिकी सिंह को सम्मानित करते कुलपति। अमृत विचार

### इन्हें मिला पुरस्कार

- प्रो. सी.के. दीक्षित एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं शोधकर्ता हैं, जिन्हें शिक्षण, अनुसंधान और प्रशासन में 24 वर्षों से अधिक का अनुभव प्राप्त है। उनके नाम 110 शोध पत्र प्रकाशित हैं, जिनमें 10 राष्ट्रीय एवं 100 अंतरराष्ट्रीय जर्नल शामिल हैं। उनका एच-इंडेक्स 10 तथा 575 से अधिक उद्धरण हैं। उन्होंने 25 पुस्तकें और 20 पुस्तक अध्याय लिखे हैं तथा 23 पेटेंट प्राप्त किए हैं। उन्होंने 6 पीएचडी छात्रों को शोध निर्देशन दिया है।
- रिसर्च एंड एकेडमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड-2025 से सम्मानित डॉ. कौशिकी सिंह वाणिज्य विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। उन्हें उनके अकादमिक व शोध योगदान के लिए "रिसर्च एंड एकेडमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड-2025" मिला है। उनके नाम यूजीसी केयर स्कोपस एवं पीयर रिव्यूड जर्नल्स में कुल 14 शोध पत्र प्रकाशित हैं। इससे पूर्व वर्ष 2024 में डॉ कौशिकी को मुख्यमंत्री द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।
- रसायन विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. पुष्पेंद्र सिंह के योग्यता कार्य को पिछले एक वर्ष के भीतर निम्नलिखित चार अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठित पत्रिकाओं आरएससी एडवांसेस, जर्नल ऑफ मॉलिक्यूलर स्ट्रक्चर, पॉलीहेड्रॉन और मेन ग्रुप केमिस्ट्री में प्रकाशित किया गया है।
- शिक्षण, अनुसंधान एवं अकादमिक नवाचार के क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए विशेष शिक्षा संकाय के बौद्धिक अक्षमता विभाग में कार्यरत सहायक आचार्य डॉ. महेश कुमार चौधरी व डॉ. संजय कुमार को शोध एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 मिला।
- समाज कार्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. श्याम सिंह के करीब 20 शोधपत्र प्रतिष्ठित जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं, डॉ. श्याम दो पुस्तकें संपादित कर चुके हैं।

# केडी सिंह बाबू टूर्नामेंट में खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी यूपी करम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 36वें ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक (अंडर-14) प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट का आगाज़ दो फरवरी से होगा। घरेलू मैदान पर होने जा रहे इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में मेजबान यूपी करम की टीम खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी। पिछले सत्र में टीम को उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा था। केडी सिंह बाबू सोसाइटी के देखरेख में आयोजित इस टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि पांच लाख रुपये है। उद्घाटन मुकाबला गोमती नगर स्थित विजयंत खंड के मिनी स्टेडियम में पद्मश्री मो. शाहिद हॉकी एस्ट्रो टर्फ पर खेला जाएगा। टूर्नामेंट का उद्घाटन 1980 मास्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य मार्विन फर्नांडिस मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे।

शुक्रवार को चंद्रभान गुप्त खेल मैदान पर आयोजित प्रेस वार्ता में केडी सिंह बाबू सोसाइटी के सचिव ओलंपियन सुजीत कुमार और तकनीकी सचिव सैयद अली ने टूर्नामेंट की जानकारी दी। इस मौके पर पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी इमरानुल हक भी मौजूद रहे। सुजीत कुमार ने बताया कि देशभर से 16 टीमें भाग ले रही हैं

सैयद अली के अनुसार लीग मुकाबले आठ फरवरी तक खेले जाएंगे। क्वार्टर फाइनल आठ फरवरी, सेमीफाइनल नौ फरवरी और फाइनल मुकाबला 12 फरवरी को आयोजित होगा। विजेता टीम को दो लाख रुपये, उपविजेता को डेढ़ लाख रुपये, तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को एक लाख और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

### टीम में शामिल सदस्य

- प्रवीण कनौजिया, वरुण, प्रांजल, निर्मल, प्रशांत, अबु बकर, उज्जवल यादव, पृथ्वी राज, रियाज, दिव्यांश चौरसिया, अंशु पाल, विवेक यादव, सनी कुशवाहा, कार्तिक ठाकुर, कृष और हिमांशु
- कोच : कुलदीप मौर्य
- मैनेजर : शिराज आलम आजमी

# एकेटीयू में एआई प्रीसमिट एंगेजमेंट के लिए होगा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब द्वारा 7 फरवरी को फैकल्टी एवं स्टार्टअप प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम एआईसीटीई, शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल के सहयोग से आयोजित होगा। कार्यक्रम का विषय "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से उच्च शिक्षण संस्थानों में विज्ञान एवं अनुसंधान को सशक्त बनानाः शोध अनुप्रयोग, टूल्स और ट्रांसलेशनल इनोवेशन" रखा गया है। इसका उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में एआई आधारित शोध संस्कृति को बढ़ावा देना और अनुसंधान को व्यावहारिक नवाचारों से जोड़ना है।

इच्छुक प्रतिभागी https://bit.ly/IH-AI-Impact-Presummit लिंक या क्यूआर कोड के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। कार्यक्रम संयोजक प्रो. बीएन मिश्र, डीनइनोवेशन एवं सोशल एंटरप्रेन्योरशिप ने सभी संस्थानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक फैकल्टी सदस्यों, छात्रों और स्टार्टअप्स को इस उपयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि यह सत्र छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए न केवल एआई आधारित अनुसंधान की समझ विकसित करेगा, बल्कि रिसर्च से रियल-वर्ल्ड इम्पैक्ट तक की यात्रा को भी स्पष्ट करेगा।

### टीचर्स ओलंपियाड में सीएमएस शिक्षिका को मिला गोल्ड मेडल

**अमृत विचार , लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की शिक्षिका रितु गुप्ता को उनकी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल हेतु गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया है। रितु ने यह उपलब्धि क्रेस्ट इंटरनेशनल टीचर्स ओलम्पियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर अर्जित की है। कम्युनिकेशन्स हेड ऋषि खन्ना ने बताया कि रितु गुप्ता ने क्रेस्ट टीचर इंग्लिश ओलम्पियाड में 96.19 प्रतिशत अंकों के साथ गोल्ड मेडल के साथ ही सार्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेन्ट प्रोफिशियन्सी अर्जित कर अपनी शिक्षण प्रतिभा का परचम लहराया है। सी.एम.एस. संस्थापिका निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने इस उपलब्धि हेतु रितु गुप्ता को हार्दिक बधाई दी है।

# अगली औद्योगिक क्रांति का आधार है रोबोटिक्स

- रोबोटिक्स, ऑटोमेशन और मैकेनिकल इंजीनियरिंग पर सम्मेलन शुरू
- भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित हो रहा है अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चौथी औद्योगिक क्रांति का आधार रोबोटिक्स और ऑटोमेशन होगा। ऑटोमेशन उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह कहना है डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति व वैज्ञानिक प्रो. जेपी पांडेय का वह ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आइंस्टीन के प्रसिद्ध सूत्र और क्वांटम कंप्यूटिंग की प्रासंगिकता, चुनौतियों और रोबोटिक्स में अनुप्रयोगों पर विस्तृत चर्चा की।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में प्रथम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ऑन रोबोटिक्स, ऑटोमेशन एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन सत्र कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा और मुख्य अतिथि एकेटीयू के कुलपति प्रोफेसर जे.पी. पांडेय द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से प्रारंभ हुआ। सम्मेलन के आयोजक एवं मुख्य संयोजक डॉ. एस.ए. रिजवी ने स्वागत भाषण में भारत में रोबोटिक्स और ऑटोमेशन तकनीकों की तेजी से उभरती संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने सम्मेलन को 'तकनीकी विचारों का वैश्विक आदान-प्रदान मंच' करार दिया। उन्होंने स्वायत्त प्रणालियों, एआई-आधारित नियंत्रण प्रणालियों, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और एकीकृत प्रौद्योगिकियों के सतत विकास में योगदान पर प्रकाश डाला।



सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन करते एकेटीयू कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय व भाषा विवि कुलपति प्रो. अजय तनेजा। अमृत विचार

**6 देशों के 75 से अधिक शोध पत्र पढ़े जाएंगे:** सम्मेलन में 6 से अधिक देशों से आए 75 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जो मशीन विजन, ह्यूमन-रोबोट इंटरैक्शन, सस्टेनेबल मैकेनिकल डिजाइन, एआई एकीकरण और औद्योगिक ऑटोमेशन जैसे उन्नत विषयों पर केंद्रित हैं।

# पं. बिरजू महाराज की स्मृति में शार्ङ्गदेव समारोह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय व महागामी गुरुकुल कला एवं शोध संस्थान, संभाजीनगर के तत्वावधान में 19वाँ शार्ङ्गदेव महोत्सव का आयोजन किया गया। पद्मविभूषण पं. बिरजू महाराज की स्मृति में स्थापित पीठ के अंतर्गत कार्यक्रम में 'शार्ङ्गदेव प्रसंग' का शुभारम्भ कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, पद्मश्री दर्शना झावेरी, पूर्व कुलपति प्रो. पूर्णिमा पाण्डेय, महागामी गुरुकुल कला एवं शोध संस्थान की निदेशक पार्वती दत्ता, गायन विभागाध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर, तालवाद्य विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्रा, नृत्य विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक ज्ञानेन्द्र दत्त बाजपेयी, डॉ. रुचि खरे एवं रेनू शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।

त्रिदिवसीय महोत्सव चार प्रमुख वर्गों में विभाजित है। प्रथम सत्र 'शार्ङ्गदेव प्रसंग' जिसमें सेमिनार एवं सप्रयोग व्याख्यान सम्मिलित रहे। द्वितीय सत्र 'शार्ङ्गदेव प्रवाह' के अंतर्गत शोधार्थियों द्वारा शोध प्रस्तुतियां दी गईं। तृतीय सत्र 'शार्ङ्गदेव समारोह' के अंतर्गत नृत्य एवं संगीत महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञ के रूप में डॉ. चेतना ज्योतिषी व्योहार वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहीं, जिन्होंने शोध प्रस्तुतियों पर विचारोत्तेजक व्याख्यान दिए तथा सार्थक एवं ज्ञानवर्धक चर्चा की।



दीप प्रज्जवलन करतीं कुलपति प्रो मांडवी सिंह, पद्मश्री दर्शना झावेरी पूर्व कुलपति प्रो पूर्णिमा।

### फुटबॉल सितारों की खोज शुरू

**अमृत विचार , लखनऊ:** राजधानी के ऐशबाग क्षेत्र स्थित गोपीनाथ लक्ष्मण दास रस्तोगी इंटर कॉलेज में शुक्रवार से फुटबॉल खिलाड़ियों के चयन के लिए विशेष शिविर की शुरुआत हुई। फीफा के देखरेख में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन की ओर से आयोजित इस शिविर में 12 से 15 वर्ष आयु वर्ग के करीब 300 युवा खिलाड़ी अब तक हिस्सा ले चुके हैं। यह शिविर टैलेंट सर्च प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें निखारना है। चयन प्रक्रिया में सफल खिलाड़ियों को निःशुल्क स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही उन्हें उच्च स्तरीय हॉस्टल सुविधा और पेशेवर कोचों की ओर से आधुनिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।




ट्रॉफी के साथ विजेता टीम। अमृत विचार

# पीडब्लूडी स्ट्राइकर लखनऊ चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) की देखरेख में आयोजित प्रथम विश्वेश्वरैया टी-20 कप क्रिकेट प्रतियोगिता में पीडब्लूडी स्ट्राइकर (स्पोर्ट्स क्लब) लखनऊ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में पीडब्लूडी स्ट्राइकर ने पीडब्लूडी प्रयागराज सुपर किंग्स को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पीडब्लूडी स्ट्राइकर लखनऊ ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 161 रन बनाए। टीम की ओर से विवेक यादव ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 53 रनों की उपयोगी पारी खेली। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीडब्लूडी प्रयागराज सुपर किंग्स की टीम स्ट्राइकर के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सकी और 18.4 ओवर में 111 रनों पर सिमट गई। पीडब्लूडी स्ट्राइकर की ओर से सुनीत पटेल ने दमदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट चटकाए, जबकि राजेश सिंह ने दो विकेट हासिल किए। शानदार प्रदर्शन के लिए विवेक यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया, वहीं सुनीत पटेल को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार मिला।



पुरस्कारों के साथ विजेता टीम सीएएल पीच। अमृत विचार

# सीएएल पीच टीम बनी चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्लेयर ऑफ द मैच निधि सिंह की शानदार बल्लेबाजी के चलते सीएएल पीच ने प्रथम बीए नकवी एडवोकेट मेमोरियल वीमेंस क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। पं. रास बिहारी तिवारी स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में सीएएल पीच ने सीएएल यलो को आठ विकेट से पराजित कर चैंपियन बनने में सफलता हासिल की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएएल यलो की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 110 रन बनाए। देवयानी शर्मा ने नाबाद 44 रनों की उपयोगी पारी खेलते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। सीएएल पीच की ओर से त्रिशी वर्मा ने प्रभावी गेंदबाजी करते हुए दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएएल पीच की टीम ने 18.5 ओवर में मात्र दो विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की जीत में निधि सिंह ने 34 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 41 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि वगीशा सिंह ने 38 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार निधि सिंह दिया गया।

## सिटी डायरी



कॉलेज की ब्रास बैंड टीम के साथ शिक्षिका पूजा गुप्ता।

### जुबिली कॉलेज ने ब्रास बैंड में पाया तीसरा स्थान

अमृत विचार , लखनऊ : रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के बीटिंग द रिट्रीट समारोह में राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज बालकों के ब्रास बैंड ने तीसरा स्थान हासिल किया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने समारोह का उद्घाटन किया। कॉलेज की बैंड प्रभारी राष्ट्रीय पदक विजेता पूजा गुप्ता ने बताया कि ये जीत बच्चों के अथक परिश्रम से प्राप्त हुई है। जिला विधालय निरीक्षक राकेश कुमार पाण्डेय ने खुशी प्रगट करते हुए छात्रों को बधाई दी। प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने छात्रों को और अधिक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम में सम्मानित की गई छात्राएं।

### नवयुग कन्या महाविद्यालय में एनएसएस का स्वच्छता अभियान

**अमृत विचार ,लखनऊ :** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत नवयुग कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को 'स्वच्छ भारत अभियान' पर तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं में श्रमदान की भावना जागृत करना और परिसर को स्वच्छ बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्य गीत से हुई। स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार, खेल मैदान, बगीचे, कक्षाओं और गलियारों की सफाई की। 'सिंगल यूज प्लास्टिक' हटाकर कूड़ेदान में डाला गया और स्वच्छता के महत्व पर नारे लगाए गए। दूसरे सत्र में पर्यावरण समिति एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में क्यारियों को रंगा गया, पौधों पर बोटैनिकल नाम लगाए गए और स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई।



कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले फार्मेसी के छात्र व शिक्षक।

### एपिलेप्सी जागरूकता कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ फार्मेसी में एपिलेप्सी जागरूकता कार्यशाला का आयोजित किया गया। भारतीय एपिलेप्सी एसोसिएशन (उत्तर प्रदेश चैप्टर) के सहयोग से संकाय के फार्मेसी छात्रों के लिए "एपिलेप्सी के साथ स्वस्थ जीवन" का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन और केजीएमयू के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. अतुल अग्रवाल सीनियर कंसल्टेंट न्यूरो फिजिशियन थे। डॉ. अग्रवाल ने एपिलेप्सी में बच्चों में दौरे, इमरजेंसी में प्रभावी प्रबंधन, सामान्य प्रश्न, मिथक और भ्रांतियों के बारे में बताया। मंच संचालन बीफार्मा अंतिम वर्ष की छात्रा आस्था पांडेय ने किया।




आंचलिक विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में बोलते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

### आंचलिक विज्ञान केंद्र का छात्रों ने किया भ्रमण

**अमृत विचार, लखनऊ :** आंचलिक विज्ञान केंद्र में आयोजित तीन दिवसीय साइंस एक्सपो-2026 के तहत शुक्रवार को छात्रों ने विज्ञान केंद्र का भ्रमण कर वैज्ञानिक जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। शहर के दर्जनों स्कूलों के बच्चों ने प्रदर्शनी देखी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संतोष सिंह सहित श्रद्धा पांडेय, ज्योत्सना श्रीवास्तव और आशीष शुक्ल भी मौजूद रहे।